संत थॉमस स्कूल धुर्वा, राँची

कक्षा - 5 **विषय - हिंदी**

पाठ -13

<u>यह पेड़ मित्र था</u>

मॉडल उत्तर

शब्दार्थ :

चेत - होश में स्वार्थी - मतलबी

दूषित - गंदा, खराब आत्मघाती - अपने को खुद मारने वाला

संतुलन - दोनों पक्षों में तालमेल रखना

प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क) दूसरी चिड़िया की आँखें क्यों जल रही थी ?

उत्तर - दूसरी चिड़िया की आँखें गाड़ियों के धुएँ के कारण जल रही थी।

ख) गाय मर क्यों गई थी?

उत्तर- किसी ने प्लास्टिक की थैलियों में बासी रोटियाँ भरकर फेंक दी थी। गाय ने उन रोटियों के साथ प्लास्टिक की थैली भी खा गई और मर गई।

ग) सूखने से पहले पेड़ कैसा था ?

उत्तर- सूखने से पहले पेड़ हरी -भरी पत्तियों से और फूलों से भरा हुआ था।

घ) मनुष्य अन्य प्राणियों से अलग कैसे है ?

उत्तर- मनुष्य के पास सबसे अधिक बुद्‌धि है ,इसलिए मनुष्य अन्य प्राणियों से अलग है।

ङ) मनुष्य कैसा बनता जा रहा है?

उत्तर- मनुष्य स्वार्थी होने के साथ आत्मघाती भी बनता जा रहा है ।

च) जंगल के हालात भी ठीक नहीं हैं, क्यों?

उत्तर- मनुष्य अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए वृक्षों को भी तेजी से काटना शुरू कर दिया है ,जिसके कारण मीलों तक जंगल कट गए हैं। यही कारण है कि जंगल के हालात भी ठीक नहीं है।

छ) मनुष्य स्वार्थी कैसे हो गया है?

उत्तर - भगवान ने संसार के सभी प्राणियों में से मनुष्य को सबसे अधिक बुद्धि दी है। मनुष्य को इसका प्रयोग सब की भलाई के लिए करना चाहिए, लेकिन वह सिर्फ अपने फायदे के बारे में सोचकर वृक्षों को काट रहा है। जिससे वह स्वार्थी ही नहीं आत्मघाती भी होता जा रहा है।

ज) मनुष्य क्या भूल रहा है?

उत्तर - मनुष्य यह भूल रहा है कि पेड़ -पौधों के रहने से ही साफ हवा मिलेगी, सभी सुखी रहेंगे चाहे आदमी हो जानवर या पक्षी। जिस मनुष्य पर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने का भार है।वही इसे नष्ट करता जा रहा है ।अगर पर्यावरण का संतुलन बिगड़ेगा तो सबसे ज्यादा नुकसान मनुष्य का ही होगा।

झ) चिड़िया कहाँ जाना चाहती है ?

उत्तर- चिड़िया ऐसी जगह पर जाना चाहती है जहाँ कम- से -कम साफ हवा हो।

प्रश्न - किसने - किससे कहा ?

क) यहाँ साँस लेने में तकलीफ हो रही है।

उत्तर- दूसरी चिड़िया ने पहली चिड़िया से कहा।

ख) यह आदमी चेत क्यों नहीं रहा ?

उत्तर- पहली चिड़िया ने दूसरी चिड़िया से कहा।

ग) पर वह मरी कैसे?

उत्तर- पहली चिड़िया ने दूसरी चिड़िया से कहा।

घ) हम कमजोर हैं हम क्या कर सकते हैं?

उत्तर- दूसरी चिड़िया ने पहली चिड़िया से कहा ।

प्रश्न) सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए-

क) मीलों तक **जंगल** कट गए हैं ।

ख) **प्लास्टिक** की थैलियाँ बड़ी नुकसानदायक होती हैं ।

ग) यहाँ **साँस** लेने में भी तकलीफ़ हो रही है।

घ) मनुष्य **स्वार्थी** ही नहीं, **आत्मघाती** भी होता जा रहा है।